फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री गोपाल कंसारा पिता स्व. उदयलाल निवासी देवगढ़ मदारिया, जिला राजसमन्द

— **अपीलांट**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ़ — **प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा— अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 50/2020**

क्रमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 13.10.2020 पत्रावली प्रस्तुत हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ से प्राप्त नही होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ द्वारा जरिये क्रमांकः /सू.अधि./2020/76–77 दिनांक 28.09.2020 से प्राप्त रिपोर्टानुसार श्री गोपाल कंसारा निवासी देवगढ़ द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(1) के तहत आवेदन दिनांक 13.07.2020 को पेश किया गया। जो इस कार्यालय को दिनांक 14.07.2020 को प्राप्त हुआ। आवेदक द्वारा आवेदन द्वारा 07 बिन्दुओं की सूचना चाही गई हैं आवेदन पत्र का बिन्दु सं. 04,05,06 की सूचना इस कार्यालय से संबंधित नही होने से अन्य लोक प्राधिकरण सहायक अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग, उपखण्ड अधिकारी देवगढ एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका देवगढ को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3)(1)(11) के तहत इस कार्यालय द्वारा दिनांक 14.07.2020 को अन्तरण कर दिया गया तथा शेष बिन्दु सं. 01,02,03,06 व 07 की सूचना अपीलार्थी को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक/सू.अधि./2020/73 दिनांक 24.09.2020 द्वारा जरिये रजिस्टर्ड डाक प्रेषित की गई हैं। उक्त सूचना 60–65 वर्ष पुराने अभिलेख से संबंधित होने व वैश्विक महामारी कोरोना की वजह से प्रेषण में थोडा विलम्ब हुआ हैं जो परिस्थिति जन्य हैं। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ के द्वारा अपीलार्थी को बिन्दु सं0 01 से 03 तथा 06 व 07 की सूचना जरिये पत्र क्रमांकः सू.अधि./2020/73 दिनांक 24.09.2020 द्वारा रजिस्टर्ड प्रेषित किये जाने तथा बिन्दु सं0 04 व 05 की सूचना अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका देवगढ को अन्तरण किये जाने से उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर)राजसमन्द**	

न्यायालय जिला कलक्टर